सराहनीय कार्य थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद दिनांक 07-04-2024

थाना साइबर क्राइम द्वारा फर्जी सरकारी नौकरी (आर0पी0एफ0 व सचिवालय) में लगवाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से धोखाधडी कर रुपये हडपने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का किया गया भंडाफोड ।

- विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर युवाओं से रुपये हडपने का काम करता है गिरोह ।
- गिरोह के 03 सदस्यों को फर्जी कागजात के साथ किया गया गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में , अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्तों 1. रवि शुक्ला 2. शोएब आलम 3. आदित्य कुमार उर्फ घनश्याम 4. अकील अहमद को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें से 03 अभियुक्तों 01. शोएब आलम,, 02. आदित्य उर्फ घनश्याम व 03. अकील अहमद को आज दिनांक 07-04-2024 को गिरफ्तार किया गया है एवं गिरोह के 01 सदस्य रवि शुक्ला को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। तलाशी के दौरान उक्त तीनों अभियुक्तों के कब्जे से 03 अदद मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी सनी पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी प्रताप नगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना साइबर क्राइम पर तहरीर दी गयी थी कि उसके व उसके मामा के लडके प्रशांत के साथ आरपीएफ में फर्जी सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधडी करते हुये 10,50,000/- रुपये का फ्रॉड कर लिया गया है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना साइबर क्राइम पर मु0अ0सं0 06/24 धारा 420,467,468,471 भा0द0वि0 व 66 (डी) आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग आदित्य उर्फ घनश्याम, अनूप, कौशल, अमित श्रीवास्तव व अन्य लोगों का गिरोह है जो विभिन्न सरकारी विभागों जैसे आरपीएफ, सचिवालय इत्यादि में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से मोटी रकम ऐंठ लेते है व उनको फर्जी वेबसाइट पर रिजल्ट दिखा कर आसस्वत कर लेते हैं। उसके पश्चात पीडितों से रुपये लेकर अपने खातों मे डलवाकर पीडितों को दुकानों से वर्दी खरीदवाकर फर्जी आईडी बनाकर देते हैं। नौकरी के नाम पर झारखण्ड के धनबाद व आसनोसल आदि रेलवे स्टेशनों के आउटर पर ट्रेनिंग करवाते है और छुट्टी देने का बहाना बना कर उनको घर भेज देते हैं।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. शोएब आलम पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी मोहल्ला दिलाजाक, थाना सदर बाजार , जनपद शाहजहांपुर।
2. आदित्य पुत्र आसाराम निवासी इब्राहिम गंज , थाना काकोरी , जनपद लखनऊ।
3. अकील अहमद पुत्र अली मोहम्मद निवासी ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के पास थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद।

प्रकाश में आये अभियुक्तः-

1. अनूप उत्तम पुत्र विनोद उत्तम निवासी तारापुर, थाना बुधवा, जनपद फतेहपुर।
2. कौशल निवासी धनबाद झारखण्ड।

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 अदद मोबाइल फोन।
2. फर्जी रेलवे व अन्य विभागों की स्टाम्प मौहरें।
3. फर्जी आईडी कार्ड आरपीएफ।
4. सचिवालय में फर्जी नौकरी से सम्बंधित कागजात।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 06/24 धारा 420,467,468,471 भा0द0वि0 व 66 (डी) आईटी एक्ट थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. श्री आलोक कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
2. श्री मुकेश कुमार मलिक निरीक्षक, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0आ0 201 प्रवीण कुमार, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0आ0 राजेन्द्र सिंह, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
5. आरक्षी 100 अंकित वर्मा, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
6. आरक्षी 717 हेमेन्द्र प्रताप सिंह, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
7. आरक्षी 951 अक्षय डेढा, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
8. आरक्षी 1495 मोहन ठाकुर, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
9. आरक्षी अंशुल बालियान, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।
10. आरक्षी अतुल भार्गव, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।